दिनांक-5फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

66 एमएलडी फिल्टर प्लांट के पैनल में आया विद्युत , टेस्टिंग प्रक्रिया प्रारंभ , महापौर ने एमएलडी के निरीक्षण के दौरान विद्युत आपूर्ति शीघ्र कराने के दिए थे निर्देश

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर देवेंद्र यादव ने विगत कुछ दिन पूर्व ही 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण एमआईसी के सदस्यों के साथ किया था इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे जिस पर 66 एमएलडी के पैनल में विद्युत आपूर्ति हो चुकी है! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी समय-समय पर जल विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं!अमृत मिशन फेस टू के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में विद्युत आपूर्ति के लिए सब स्टेशन स्थापित किया गया है , जिसमें दो लोवर ट्रांसफार्मर और दो हायर ट्रांसफार्मर लगाया गया! पैनल में विद्युत आपूर्ति के लिए केवल एक लोवर ट्रांसफार्मर एवं दो हायर ट्रांसफार्मर की आवश्यकता होती है! दोनो ट्रांसफार्मर से 6 मोटर पंप को कनेक्ट किया जाएगा! एक लोअर ट्रांसफार्मर को स्टैंडबाई मॉड पर रखा जाएगा! किसी प्रकार से खराब होने की स्थिति में इसका उपयोग किया जा सकेगा! जल कार्य के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पैनल में विद्युत आपूर्ति होने के पश्चात इसकी टेस्टिंग प्रक्रिया की जा रही है जिसमें कितना लोड लेना चाहिए , कितना लिया जा रहा है , विद्युत उपभोग कितना हो रहा है , पैनल से संबंधित जितने भी विद्युत के कार्य हैं

जनसंपर्क अधिकारी